कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री देशराज मीना, निवासी आदर्श मीना कॉलोनी, कटटा कलेक्शन के-पीछे, दौसा तहसील व जिला दौसा राजस्थान–303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 106/2022

निर्णय

दिनांक 18.10.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार दौसा को पत्र कमांक:डीएम/कोर्ट/ 2022/ 2286 दिनांक 14.9.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा जिला दौसा द्वारा पत्र कमांक: राजस्व/2022/385 दिनांक 23.9.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि प्रार्थी को तहसीलदार दौसा ने पत्र कमांक:322 दिनांक 17.8.2022 के द्वारा अपीलांट को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रभारित फीस राजकोष में जमा कराने हेतु लिखा गया था, किन्तु राशि जमा नहीं कराने से अपीलांट को वांछित सूचना नही दी जा सकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा देय प्रभारित फीस जमा नहीं कराने से सूचना नहीं उपलब्ध कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:56:20 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा